राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम - पर्यावरण विज्ञान
पाठ 27A : जल का भूमंडलीय वितरण
कार्यपत्रक - 27A

1 कुछ लोग सोचते है कि यदि अगला विश्व युद्ध हुआ तो पेय जल (पीने के पानी) के लिए लड़ा जाएगा? इसका क्या अर्थ है?

2 क्या आप सोचते हो कि जल चक्र को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा एक प्रेरक शक्ति है? अपने उत्तर के संदर्भ में कारण दीजिये।

3 अधिकांशतः प्राचीन सभ्यताएँ नदियों के किनारे फली-फूली। किसी एक सभ्यता का उदाहरण देकर वर्णन कीजिये।

4 क्या आप सोचते है कि पानी की समस्या का केवल कृषि पर ही प्रभाव नहीं पड़ता अपितु पर्यावरण की गुणवत्ता पर भी पड़ता है? यदि हाँ, अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिये।

5 अपने क्षेत्र में जल संसाधनों संबंधी एक पाई चार्ट तैयार कीजिये ।

6 भारत में वर्षा जल का पर्याप्त मात्रा में उपयोग क्यों नहीं होता है? कारण दीजिये।

7 उन कारणों का उल्लेख कीजिये जो वास्तव में पानी के प्रवाह को प्रभावित करते है।

8 क्या नदियों के प्रवाह में बदलाव करने की संभावना होती है? कैसे, संक्षेप में वर्णन कीजिये।

9 भूजल तालिका के दबाव को कम करने के पाँच तरीकों पर अपने सुझाव दीजिये ।

10 अलवण जल संसाधन पृथ्वी के जल चक्र के एक अभिन्न भाग है। उचित उदाहरण की सहायता से विवेचना कीजिये।